सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 317 | इंदौर, गुरुवार 30 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# एमपी में अगले 2 दिन और चलेंगी गर्म हवाएं

## ग्वालियर-चंबल में लू का रेड अलर्ट, आज 33 जिलों में भीषण गर्मी, पृथ्वीपुर सबसे हॉट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में लू से अगले 2 दिन और राहत नहीं मिलेगी। 30 और 31 मई को भी प्रदेश के ग्वालियर, चंबल, मालवा-निमाड़ में भीषण लू चलेगी। यहां टेम्प्रेचर 45 डिग्री के पार ही रहेगा। गुरुवार को भी ग्वालियर-चंबल में लू का रेड अलर्ट है। वहीं, 33 जिलों में भीषण गर्मी पड़ेगी। इससे पहले निवाड़ी का पृथ्वीपुर लगातार तीसरे दिन भी सबसे गर्म रहा। बुधवार को यहां टेम्प्रेचर 47.5 डिग्री रहा।

वहीं, खजुराहो में भी टेम्प्रेचर 47 डिग्री के पार रहा। ग्वालियर-निवाड़ी समेत 12 जिलों में भीषण लू, जबकि भोपाल-इंदौर समेत 24 जिलों में गर्म हवाएं चलीं। इस तरह 36 जिलों में हीटवेव का असर देखने को मिला। अब तक प्रदेश में लू से दो बच्चों की मौत हुई है। दोनों भाई-बहन थे और ग्वालियर के रहने वाले थे। 28 मई को दोनों की जान गई थी।



### टॉप-10 में ग्वालियर भी शामिल

1. एमपी के सबसे गर्म टॉप-10 शहरों में पृथ्वीपुर और खजुराहो के अलावा दतिया, सतना, सीधी, ग्वालियर, रीवा, शिवपुरी, नौगांव और टीकमगढ़ भी शामिल हैं।
2. खजुराहो में 47.4 डिग्री, दतिया में 46.7 डिग्री, सतना में 46.7 डिग्री, सीधी में 46.6 डिग्री, ग्वालियर में 46.4 डिग्री, रीवा में 46.2 डिग्री, शिवपुरी में 46 डिग्री, नौगांव-टीकमगढ़ में 45.5 डिग्री रहा।
3. बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 44.1 डिग्री, इंदौर में 40.8 डिग्री, जबलपुर में 42.7 डिग्री और उज्जैन में पारा 41.5 डिग्री दर्ज किया गया।
4. पचमढ़ी में सबसे कम 36.4 डिग्री और नर्मदापुरम में पारा 38.8 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में बुधवार को टेम्प्रेचर 44.1 डिग्री दर्ज किया गया।

### इन जिलों में चली भीषण लू

ग्वालियर, पृथ्वीपुर, खजुराहो, दतिया, सतना, सीधी, ग्वालियर, रीवा, शहडोल, शिवपुरी, नौगांव, दमोह, टीकमगढ़ में भीषण लू का असर रहा। वहीं, कटनी, गुना, राजगढ़, मंडला, मलाजखंड, सिवनी, भोपाल, उमरिया, सागर, अशोकनगर, खरगोन, सीहोर, छिंदवाड़ा, खंडवा, शाजापुर, नरसिंहपुर, जबलपुर, देवास, बड़वानी, उज्जैन, रतलाम, बैतूल, धार, इंदौर में भी गर्म हवाएं चलीं।

### प्रदेश का उत्तरी हिस्सा ज्यादा गर्म

IMD, भोपाल की वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि अगले 2 दिन प्रदेश में हीट वेव का असर रहेगा। उत्तरी हिस्से में गर्म हवाएं चलेंगी। ग्वालियर, दतिया, निवाड़ी जिलों में तापमान 46 से 47 डिग्री तक ही रहेगा। 1 जून को हीट वेव की स्थिति कमजोर हो जाएगी। हालांकि, टेम्प्रेचर में बढ़ोतरी रहेगी।

## पिता-भाई की हत्या में वांटेड नाबालिग पकड़ में आई

### हरिद्वार पुलिस ने अभिरक्षा में लिया, बॉयफ्रेंड मुकुल भाग निकला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में 15 मार्च को रेल कर्मचारी पिता राजकुमार विश्वकर्मा और भाई तनिष्क की हत्या करने ली नाबालिग पुलिस गिरफ्त में आ गई है। करीब ढाई महीने की तलाश के बाद उसे मंगलवार की शाम हरिद्वार पुलिस ने अभिरक्षा में लिया। हालांकि, उसका बॉयफ्रेंड मुकुल सिंह अभी भी फरार है।

जानकारी मिलते ही जबलपुर पुलिस की टीम हरिद्वार के लिए रवाना हो गई है। बीते करीब 70 दिन से नाबालिग और उसके बॉयफ्रेंड की तलाश की जा रही थी। उन्हें पकड़ने के लिए जबलपुर पुलिस ने 10 हजार पोस्टर देशभर में लगवाए थे। जबलपुर एसपी आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार को हरिद्वार पुलिस का फोन आया था। वीडियो कॉल पर नाबालिग की तस्वीर दिखाई गई। जबलपुर पुलिस की एक टीम हरिद्वार के लिए रवाना की गई है। जल्द ही पुलिस उसे लेकर जबलपुर आएगी। उन्होंने कहा, ह्यअब वो दिन दूर नहीं, जब मुकुल सिंह भी पुलिस गिरफ्त में होगा। हरिद्वार पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी कर दी है। उम्मीद है कि जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।ह्न

### आश्रम में छिपे थे, चौकीदार ने पुलिस को बताया

एसपी सिंह ने बताया, ह्यप्रारंभिक जानकारी में पता चला है कि मुकुल सिंह और नाबालिग लड़की आश्रम, गुरुद्वारा और अन्य धार्मिक स्थानों पर ठिकाना बना रहे थे। वे यहां भोजन करते और फिर आसपास छिपकर दिन गुजारते थे। हरिद्वार में इसी तरह वे एक मंदिर के आश्रम में छिपे थे। आश्रम के चौकीदार को मुकुल की शक्ल पोस्टर में छपी तस्वीर से मिलती-जुलती दिखी। उसने इसकी खबर पुलिस को दी। हरिद्वार पुलिस ने मुकुल को पकड़ने के लिए जाल बिछाया लेकिन वह चकमा देकर फरार हो गया।

## 64 मंदिर- मस्जिद से लाऊड स्पीकर हटाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन पुलिस द्वारा शहर ग्रामीण थाना क्षेत्रों के सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों से 64 लाउडस्पीकर निकलवाये गए। मध्य प्रदेश शासन द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों की सीमा तय करते हुये मंदिर/मस्जिदों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों से ध्वनि प्रदूषण यंत्र व लाऊड स्पीकर निकलवाने हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये थे। म.प्र. शासन द्वारा जारी निर्देशों का सख्ती से पालन कराने हेतु पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों/थाना प्रभारीगणों को निर्देशित किया गया है। प्रशासनिक एवं पुलिस टीम द्वारा बुधवार को जनप्रतिनिधि एवं समिति प्रबंधक की उपस्थिति में मंदिर/मस्जिद समिति से समन्वय स्थापित कर मंदिर/मस्जिदों में लगे हुये लाऊड स्पीकरों को चेक किया गया। जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी धार्मिक स्थल चेक करते हुवे पृथक - पृथक क्षेत्र में मंदिरों तथा मस्जिदों में लगे 65 से अधिक ध्वनि प्रदूषक यंत्र हटवाए गए।

# जिंदा जले पति-पत्नी और बेटी की अर्थी साथ उठी

## 3 घंटे पहले बच्चों के लिए जलेबी लाया था; 10 साल का बेटा बिलख रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया।** दतिया में मकान में आग लगने से जिंदा जले पति-पत्नी और 9 साल की बेटी की अर्थी साथ उठी। बुधवार को तीनों का अंतिम संस्कार किया गया। हादसे में बचा बड़ा बेटा सदमे में है। वह मां-पिता और बहन को याद कर रहा है। उसका रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में मातम है। घरों में चूल्हे नहीं जले। दतिया के तिगरा गांव में मंगलवार दोपहर वीरू करण (37) के कच्चे मकान में आग लग गई थी। वीरू करण के साथ ही उसकी पत्नी सरस्वती (34), बेटा राम (7) और 9 साल की बेटी निधि आग की लपटों में घिर गए। वीरू ने अस्पताल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। पत्नी और 9 साल की बेटी की रात में मौत हो गई। बेटे राम का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, 10 साल का बड़ा बेटा हादसे के समय बाहर खेल रहा था, इसलिए वह आग की चपेट में आने से बच गया।

**हाईटेंशन में शॉर्ट सर्किट से भड़की आग-** ग्रामीणों ने बताया, पहले आग वीरू के घर के बगल में कचरे के ढेर में लगी थी। इसके ऊपर से हाईटेंशन लाइन निकली है। हाईटेंशन लाइन में शॉर्ट सर्किट के बाद कचरे में आग लग गई। वीरू ने पानी डाल कर आग बुझा दी थी। इसके बाद परिवार के साथ झोपड़ी में सोने चला गया।

दोपहर में तेज हवा चल रही थी। कचरे के ढेर में अंदर ही अंदर फिर आग सुलग गई। उसी से उठी एक चिंगारी हवा के साथ झोपड़ी की कच्ची छत पर जा पहुंची। इससे छप्पर ने तेज आग पकड़ ली। परिवार कुछ समझ पाता इससे पहले ही छप्पर उन पर गिर गया।

**ग्रामीणों ने अंदर फंसे परिवार को बाहर निकाला-** परिवार की चीख पुकार सुन ग्रामीण मौके पर पहुंचे। टिल्लू पंप से आग बुझाने की कोशिश की। घर के अंदर फंसे परिवार को बाहर निकाला। चश्मदीद छोटू ने बताया, छप्पर गिरने से पूरा परिवार झुलस गया था। उन्हें बचाने में गांव के रविंद्र सेन, आकाश लोधी और ममेरे भाई रामनारायण कर्ण के भी हाथ झुलस गए। हम घायलों को इंदरगढ़ अस्पताल ले गए। रास्ते में ही वीरू ने दम तोड़ दिया। उसकी पत्नी और दोनों बच्चों को दतिया जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# कलेक्टर कार्यालय पर सीएम का पुतला जलाने की कोशिश

## पुलिस ने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को पकड़ा, माचिस छुड़ाई और थाने ले गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बुधवार को एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर सीएम मोहन यादव का पुतला जलाने की कोशिश की। मौके पर मौजूद पंढरीनाथ थाना पुलिस ने पहले एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया। विवाद की स्थित बनने पर पुलिस कार्यकर्ताओं को थाने ले गई।**



दरअसल एनएसयूआई द्वारा कलेक्टर कार्यालय के बाहर सीएम मोहन यादव का पुतला जलाने का मैसेज सोशल मीडिया पर चलाया गया था। मैसेज में कहा गया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में उच्च शिक्षा विभाग में जो छात्र विरोधी आदेश जारी किया है और एडमिशन के समय छात्रों से पूरे साल की फीस एक साथ ली जाएगी इसको लेकर सीएम का पुतला जलाएंगे।

इस पर अमन पटवारी और अन्य एनएसयूआई सदस्य सीएम का पुतला जलाने कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। पुलिस ने पहले अमन पटवारी को आचार संहिता के बारे में समझाया कि आचार संहिता के चलते यह प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। उसके बावजूद भी जब अमन पटवारी नहीं माने तो पुलिस ने अमन पटवारी सहित अन्य चार साथियों को हिरासत में ले लिया और पंढरीनाथ थाना ले जाया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अमन पटवारी ने सोशल मीडिया पर दोपहर 1 बजे सीएम का पुतला दहन करने का मैसेज वायरल किया था। अभी आचार संहिता लगी हुई है, ये नियम विरूद्ध है। किसी तरह के विरोध-प्रदर्शन या ज्ञापन की परमिशन भी नहीं ली गई थी। आगे की कार्यवाही की जा रही है। छात्रा शिक्षा से संबंधित कुछ मुद्दे पर भी ज्ञापन देना चाहते थे।

# अक्षय बम को हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस से भाजपा में आए अक्षय कांति बम को बुधवार को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। उनके वकील योगेश गुप्ता ने बताया कि इससे पहले शुक्रवार 24 मई को मामले में सुनवाई हुई थी, जिसमें अगली तारीख 29 मई दी गई थी।**

दरअसल, 17 साल पुराने जमीन विवाद के केस में ट्रायल कोर्ट ने उनके खिलाफ 24 अप्रैल को धारा 307 बढ़ाने के आदेश दिए थे। सुनवाई से गैरहाजिर रहने पर गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया गया। इसी मामले में अक्षय बम ने दो अलग-अलग अदालतों में याचिकाएं दायर कर रखी हैं। हाई कोर्ट से इस केस में अग्रिम जमानत मांगी थी जबकि ट्रायल कोर्ट से धारा 307 लगाने पर पुनर्विचार याचिका दायर की है। दोनों में सुनवाई के लिए 24 मई तय हुई थी। पुनर्विचार याचिका पर 5 जुलाई को सुनवाई होगी।

**जमीन विवाद में फायरिंग के हैं आरोप-** 2007 के जमीन विवाद से जुड़े मामले के फरियादी युनूस पटेल के खेत पर विवाद हुआ था। इसमें फायरिंग, बलवा आदि के आरोप थे। पुलिस ने सिर्फ हमला, मारपीट और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोप हैं कि युनूस पर गोली भी चलाई गई थी, लेकिन खजराना पुलिस ने ऋकफ में हत्या के प्रयास की धारा नहीं जोड़ी थी।इसी के खिलाफ युनूस ने ट्रायल कोर्ट में आवेदन दिया था। पिछले महीने 24 अप्रैल को फरियादी की गुहार पर आरोपी अक्षय बम, उनके पिता कांति व अन्य आरोपियों के खिलाफ धारा 307 यानी प्राणघातक हमले की धारा बढ़ा दी गई और 10 मई को पेश होने के आदेश दिए थे।

## हवाओं से फिर गिरा पारा :41 डिग्री पर रुका तापमान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नौतपा के पांचवें दिन से पूर्व 4 दिन पहले तक इंदौर का पारा 43 से 44 डिग्री के आसपास बना हुआ था। लेकिन अब इंदौर में तेज हवाएं चलने से पारे में बड़ी गिरावट आई है। बुधवार सुबह 10 बजे पारा 30 डिग्री था और हवा में नमी 62त्न थी, इस वजह से गर्मी का अहसास ही नहीं हो रहा था। बुधवार को दिन का तापमान 40.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। जबकि एक घंटे बाद सुबह 11 बजे इंदौर का तापमान 2 डिग्री बढ़ गया और हवा में नमी 56त्न रह गई। चूंकि 50त्न से ज्यादा नमी है इस वजह से हवा में ठंडक घुली हुई है। मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 41.9 डिग्री दर्ज किया गया।**

हालांकि आज सुबह 10 बजे इंदौर का तापमान 30 डिग्री रहा। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिन में और राहत मिलने की उम्मीद है। मप्र में दस्तक दे रहे तूफान की वजह से ठंडक हो जाएगी। बताया जा रहा है कि बंगाल की खाड़ी में बने तूफान के साथ उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश के आसपास बने चक्रवाती घेर, उत्तर पूर्वी राजस्थान पर ऊपरी हवा को घेर और राजस्थान से मध्य प्रदेश होते हुए छत्तीसगढ़ तक जा रही ट्रोणिका के कारण इंदौर में अभी हवाओं का रुख बदला है।

## रजत जयंती महोत्सव में किया समाजसेवियों का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अग्रसेन माधवी क्लब की स्थापना के रजत जयंती महोत्सव में समाज के श्रेष्ठ सेवा कार्यों में समर्पित भाव से जुटे समाजसेवियों का प्रशस्ति पत्र, पुष्पमाला एवं शाल भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह में बतौर अतिथि आशा कैलाश विजयवर्गीय, विधायक गोलू शुक्ला, समाजसेवी टीकमचंद गर्ग एवं विष्णु बिंदल मौजूद थे। अग्रसेन माधवी क्लब की संस्थापक सूरजदेवी बंसल, अध्यक्ष शोभा गर्ग एवं सचिव सविता बंसल ने प्रारंभ में अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन कर महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर माहेश्वरी मांगलिक भवन, ए.बी. रोड पर आयोजित कार्यक्रम में गोविंद सिंघल, महेश मित्तल, संतोष गोयल, पुष्पा गुप्ता, राजेश बंसल प्रयोग गर्ग सहित विभिन्न अग्रवाल संगठनों के माध्यम से सेवा कार्य करने वाले बंधुओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामदास गर्ग ने किया। पुनीत गर्ग ने आभार माना।

## शब्बीर, शिवांशी, हार्दिक व कुणाल रहे विजेता

इन्दौर। पं. उमाशंकर जोशी की स्मृति में आयोजित 11वीं जिला स्तरीय तैराकी स्पर्धा के विभिन्न वर्गो में शब्बीर हुसैन, शिवांशी व्यास, मुस्ताशिर राज, हार्दिक पाटीदार, रिशीत बंसल व कुणाल रघुवंशी सहित अन्य खिलाडी विजेता रहे। अरिहंत कालेज में खण्डवा जिला तैराकी संघ की इस स्पर्धा में कुल 125 इंवेट हुए जिसमें 90 खिलाडीयों ने अपनी चुनौती पेश की। सफल खिलाडीयों को मेडल व सर्टिफिकेट से पूर्व सांसद सज्जनसिंह वर्मा के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कृत किया गया। अध्यक्षता कविता कासलीवाल ने की। विशेष अतिथि के रूप में पैरा ओलंपियन सत्येन्द्र लोहिया, मनीष बिरथरे, मनोहर धवन, अभय वर्मा, कोमल दिक्षीत, राजेन्द्र मालवीय, अखिलेश शर्मा, प्रियंका मालवीय व कुणाल कासलीवाल मौजूद थे। स्वागत गौरव हार्डिया, आयुष दुबे व सोनु पंवार ने किया। संचालन राकेश जोशी ने किया तथा आभार प्रणय जोशी ने माना। इस स्पर्धा के आधार पर ग्वालियर में अगले माह होने वाली राज्य तैराकी स्पर्धा में खिलाडीयों का चयन किया जायेगा।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# एसडीएम को जयस ने दिया ज्ञापन

## आदिवासी छात्राओं से दुष्कर्म के आरोपियों को फांसी देने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर कार्यालय में जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) ने सीधी में आदिवासी छात्रों से दुष्कर्म करने वाले मैजिक वाइस एप गैंग के दोषियों का केस फास्ट ट्रेक कोर्ट के चलाकर फांसी देने की मांग की। इस संबंध में बुधवार को जयस के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम इंदौर को ज्ञापन दिया। जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर लोकेश मुजाल्दा ने कहा कि सीधी में हुई घटना की सीबीआई जांच की जाए व पीडित छात्राओं को एक-एक करोड़ रुपए मुआवजा तथा पीडित परिवार को पुलिस सुरक्षा दी जाए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में आदिवासी सुरक्षित नहीं है, सरकार आदिवासियों पर हो रहे अत्याचारों को रोके।

**सीधी की छात्राओं को न्याय मिले-** जयस जिला अध्यक्ष पवन डावर ने कहा कि आदिवासियों पर लगातार बढ़ते अत्याचार मध्यप्रदेश का नाम खराब कर रहे हैं, इन्हें रोका जाए। जयस छात्र संगठन मध्यप्रदेश के अध्यक्ष बाबूलाल बघेल ने कहा कि सीधी की छात्राओं को न्याय मिले। इस अवसर पर मनोज मुजाल्दे, शोभाराम भूरिया, जयस छात्र संगठन अध्यक्ष कृष्णा मर्सकोले, उपाध्यक्ष पवन अहिरवाल, भीम आर्मी से रवि चौधरी सहित कई जयस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे पर जानकारी दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मालवांचल यूनिवर्सिटी द्वारा मोटिवेशन एंड मेंटल हेल्थ (मानसिक स्वास्थ्य) से जुड़े मुद्दों कार्यशाला आयोजित की गई। इंडेक्स समूह संस्थान के शिक्षकों और छात्रों के साथ कर्मचारियों को विशेषज्ञ नीता कुमार द्वारा मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे पर विभिन्न जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि डिजिटल वल्र्ड के साथ मल्टी टास्किंग के जमाने में हमें 10 काम एक साथ करने की आदत हो गई। मन में 10 विचार एक साथ नहीं आए तो हमें जीवन में कुछ कमी सी लगती है। यही आदत हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए यह सबसे बड़ी परेशानी है। हम जब तक मन को नियंत्रित नहीं करेंगे तब तक हमारा वर्तमान और भविष्य दोनों बेहतर नहीं हो सकते हैं। अपने लिए समय निकालना भी सेल्फ केयर का अटूट हिस्सा है। उन्होंने बताया कि अगर हम मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं, तो यह हमारे काम से लेकर हमारे रिश्तों पर असर डालता है। फिर भी लोग अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते है। दिमाग भी हमारे शरीर का एक हिस्सा है। इसमें भी कोई बीमारी हो सकती है। इस स्थिति को हमें बहुत गंभीरता के साथ लेना चाहिए। वर्तमान की भाग-दौड़ में हर इंसान को अवसाद और तनाव से भरपूर जीवन जीने को मजबूर कर दिया है।

# चेतावनी : बस 30 साल मिलेगा नर्मदा का पानी, उसके बाद सूख जाएगी नदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ख्यात पर्यावरणविद्व डॉ. सुनील चतुर्वेदी ने चेताया और कहा कि सतपुड़ा के घने जंगल जिस तरह से कट रहे हैं और नर्मदा क्षेत्र के आसपास जिस तरह से बांधों के निर्माण हो रहे हैं, उसके चलते जीवनदायिनी नदी नर्मदा दिनों दिन सिकुड़ती जा रही है। ऐसे में इंदौर को नर्मदा का पानी अधिकतम 30 वर्ष और मिल सकता है। इसके बाद नदी बहुत हद तक सूख जाएगी। अतः हम आज से ही वर्षा के जल को सहेजें और अधिक से अधिक पेड़ लगाएं।**

डॉ. चतुर्वेदी श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति सभागृह में अभ्यास मंडल के मंच पर मुख्य वक्ता के बतौर बोल रहे थे। जलवायु परिवर्तन के दौर में जल संरक्षण की आवश्यकता एवं महत्व विषय पर बोलते हुए आगे कहा कि जल ही जीवन है और हम सब जल पर निर्भर हैं। बीते कुछ वर्षों से जल संकट बढ़ता जा रहा है। नदियां सूखकर नाले में तब्दील हो रही हैं। कुएं और बावड़ियां कम होते जा रही हैं। पोखर और तालाब भी या तो सूख चुके हैं अथवा उन पर अतिक्रमण हो गया है। ऐसे में केवल वर्षा का पानी ही अब हमारे जल का बड़ा स्रोत रह गया है। जल की कमी का एक बड़ा कारण यह भी है कि हम जितना पानी जमीन से निकाल रहे हैं उतना सहेज नहीं रहे हैं। अतः यह संकट प्रकृति प्रदत्त कम और मानव प्रदत्त अधिक है।




### घर की छत से डेढ़ लाख लीटर पानी संरक्षित होगा

डॉ. चतुर्वेदी ने आगे कहा कि वर्षा के जल का संरक्षण कर हम एक बड़े संकट से बच सकते हैं। सबसे अच्छा तरीका यह है कि छतों पर एकत्रित हुए जल को हम पाइप के सहारे जमीन में उतारे। एक अनुमान के मुताबिक वर्षा ऋतु में 1500 वर्ग फीट की छत पर करीब डेढ़ लाख लीटर पानी एकत्रित होता है जिसमें से अधिकांश बह जाता है। वर्षा के जल को सहेजने का एक तरीका जमीन में चार बाय चार फीट का गड्ढा खोदें और उसमें नीचे तक पाइप डालें। इन दोनों तरकीब से भू जल स्तर बढ़ेगा। वर्षा जल से भूजल स्तर को बढ़ाते समय अधिक सावधानी की भी जरूरत है, क्योंकि अगर भूमि पर कार्बन, प्लास्टिक या और कोई अपशिष्ट है तो वह भी वर्षा जल के साथ भूमि में जाएगा, जो रोग का कारण बनेगा। पानी में आर्सेनिक की मात्रा अधिक होगी तो कैंसर का खतरा और यदि फ्लोराइड की मात्रा बढ़ गई तो हड्डियों का कमजोर होना तय है। अतः जिस जल को हम जीवन कहते हैं, वह कभी कभी किलर भी बन जाता है। तीसरा तरीका छत के ऊपर हजार दो हजार लीटर की पानी की टंकी रखें और उसमें वर्षा का जल एकत्रित कर उसे घरेलू कार्यों में उपयोग करें।

### अतिथियों को स्वागत में तुलसी के पौधे दिए

मंच पर अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता और सचिव माला ठाकुर भी उपस्थित थे। अशोक कोठारी, स्वप्निल व्यास, एनके उपाध्याय, हबीब बेग आदि ने अतिथियों का स्वागत तुलसी के पौधे से किया। अतिथियों को प्रतीक चिन्ह पर्यावरणविद एसएल गर्ग और वरिष्ठ पत्रकार कीर्ति राणा ने प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन वैशाली खरे ने किया और आभार माना सुनील व्यास ने। कार्यक्रम में पर्यावरणविद् ओपी जोशी, शंकर गर्ग, ओम नरेड़ा, नेताजी मोहिते, संजय गुप्ता, शरद कटारिया, दशरथ गोलाने, अनिल भोजे, किशन सोमानी, फादर लकारा, कुणाल भंवर, ग्रीष्मा त्रिवेदी, दीप्ति गौर आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आज बुद्ध के पंचशील की आवश्यकता हैं : डॉ. निशा जोशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। निशा जोशी योग अकादमी तथा योग गंगा योगिक, साइंटिफिक एंड स्प्रीचुअल रिसर्च फाउंडेशन, इंदौर द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर खजराना गणेश मंदिर पर स्थित निशा जोशी योग अकादमी पर निःशुल्क योग ध्यान कार्यशाला का आयोजन संस्था निदेशक / संस्थापक अंतरराष्ट्रीय योग विशेषज्ञ डॉ.निशा द्वारा किया गया, जिसका विषय था -अंतर्मौन पंचशील ध्यान साधना। इस कार्यशाला में डॉ निशा जोशी द्वारा ध्यान साधना के द्वारा अंतर्मौन ध्यान केंद्रीत करने व आत्मनिरीक्षण करने की विधि सिखाई गई जिससे साधको ने मानसिक शांति व एकाग्रता का अनुभव किया। साथ ही बुद्ध वंदना, बुद्ध गायत्री मंत्र, बुद्ध त्रिशरण वंदना करवाने के साथ साधको को पंचशील के सिद्धांतों व जातक कथाओं के माध्यम से साधको में अहिंसा, सत्य, अस्तेय, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य आदि आचरणगत सिद्धांतो का पालन करने की प्रेरणा दी गई। आगे इस कार्यशाला का उद्देश्य बताते हुए डॉ. निशा जोशी का मानना हैं की ऐसी कार्यशाला से तथागत बुद्ध के धम्म,सदाचार, करुणा, प्रज्ञा, आर्यसत्यों रूपी सिद्धांतों को अपनाने से व्यक्ति के जीवन में मानसिक शांति, प्रज्ञा, दया, सत्य प्रवेश कर सकता हैं। इस कार्यशाला में प्रमुख रूप से गौसिया फातिमा अंसारी, कौंतेय मनोज, कौंतेय सारिका, सी.ए.संजय खण्डेलवाल, शीला खण्डेलवाल, रवीना मीणा, ममता जैन, सुनील जैन आदि सहित कई साधको ने सहभागिता दी तथा योगी आदित्य दुबे ने ध्यानशाला का कार्यभार सम्भाला।

# इंदौर को मिली गर्मी से राहत, पारा 40 डिग्री पर आया, दिनभर चली ठंडी हवाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आखिरकार इंदौर में पारा 40 डिग्री पर आ ही गया। बुधवार को इंदौर के लोगों को बड़ी राहत मिली। मई के महीने में भीषण गर्मी झेलने के बाद अंतिम सप्ताह में पारा कम हुआ। मंगलवार की तरह बुधवार को भी दिनभर ठंडी हवाएं चली। आज नौतपा का पांचवा दिन है। चार दिन पहले तक इंदौर का पारा 43 से 44 डिग्री के आसपास बना हुआ था। बुधवार सुबह 10 बजे पारा 30 डिग्री था और हवा में नमी 62% थी, इस वजह से गर्मी का अहसास ही नहीं हो रहा था। बुधवार को दिन का तापमान 40.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

### राहत मिलने की उम्मीद है

मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिन में और राहत मिलने की उम्मीद है। मप्र में दस्तक दे रहे तूफान की वजह से ठंडक हो जाएगी। बताया जा रहा है कि बंगाल की खाड़ी में बने तूफान के साथ उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश के आसपास बने चक्रवाती घेर, उत्तर पूर्वी राजस्थान पर ऊपरी हवा को घेर और राजस्थान से मध्य प्रदेश होते हुए छत्तीसगढ़ तक जा रही द्रोणिका के कारण इंदौर में अभी हवाओं का रुख बदला है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिन में और राहत मिलने की उम्मीद है। मप्र में बंगाल की खाड़ी में बन रहा तूफान दस्तक देगा। इससे बादल आएंगे और ठंडी हवाएं चलेंगी। अगले दो दिन में मौसम और ठंडा हो जाएगा।



# छात्रों ने निकाली रैली, पानी बचाने का दिया संदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राजमोहल्ला स्थित श्री क्लाथ मार्केट वैष्णव हा.से.स्कूल में पिछले एक माह से समर कैंप जारी है। इस कैंप के दौरान जल बचाओ जीवन बचाओ अभियान के तहत मंगलवार को रैली निकाली गई। इस रैली में बड़ी संख्या में समर कैंप में आने वाले स्टूडेंट्स शामिल हुए। रैली के माध्यम से उन्होंने आमजन को पानी बचाने का संदेश दिया। हाथों में पानी बचाने का संदेश लिखी तख्तियां लेकर स्टूडेंट्स विभिन्न मार्गो से गुजरे। जल बचाओ जीवन बचाओ अभियान के तहत निकाली गई रैली में 350 स्टूडेंट्स के साथ पेरेंट्स, टीचर्स ने भी भाग लिया। स्टूडेंट्स ने सुंदर पोस्टर के माध्यम से जल बचाओ जीवन बचाओं का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने बड़े उत्साह के साथ नारे लगाए जैसे- हम सबने यह ठाना है...पानी को बचाना है। पानी की रक्षा...देश की सुरक्षा, जब ना होगा नीर... क्या तब होंगे गंभीर, पानी का संरक्षण है... धरती का रक्षण है। यह रैली स्कूल परिसर से शुरू होकर राजमोहल्ला क्षेत्र की विभिन्न गलियों से होते हुए वापस स्कूल पहुंची। इस रैली का मार्गदर्शन स्कूल के प्रिंसिपल नवीन मुद्गल ने किया। रैली के अंत में जल के महत्व को समझाते हुए उन्होंने कहा कि यदि आज हम जल बचाऐंगे तो हमारा भविष्य कल सुरक्षित होगा। इस अभियान में स्कूल की प्रबंध समिति के अध्यक्ष कमल नारायण भुराडिया और संस्था के सचिव रवि सिंगी ने अभियान की प्रशंसा कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया।



# 6 जून के बाद हटेगा तबादलों से प्रतिबंध कई कलेक्टर-एसपी और अधिकारी हटेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री और लगभग पूरा मंत्रिमंडल बदला जा चुका है, लेकिन मुख्यमंत्री और मंत्रियों के नए होने के कारण बड़ी संख्या में तबादले नहीं किए गए थे। इसके बाद लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो जाने के कारण तबादलों पर प्रतिबंध लगा हुआ है।**

4 जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना होने के बाद 6 जून को आचार संहिता समाप्त हो रही है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद जून अंत से नया शैक्षणिक सत्र भी शुरू हो रहा है। ऐसे में स्थानांतरण प्रक्रिया बहुत लंबी नहीं चलने वाली है। मंत्रालय सूत्रों ने बताया कि 15 दिन के लिए तबादलों पर लगा प्रतिबंध हटाए जाने की तैयारी है। विभागों ने तबादलों को लेकर तैयारी भी शुरू कर दी है।

### सरकार ने अभी घोषित नहीं की तबादला नीति

चुनावी वर्ष होने के कारण आचार संहिता लागू है, इसलिए राज्य सरकार तबादलों को लेकर नीति की घोषणा नहीं की है। आमतौर पर सरकार तबादलों पर प्रतिबंध हटाने से पहले नई तबादला नीति को कैबिनेट की मंजूरी के बाद घोषित करती है, उसी में कितने दिन तबादला होना है और किस स्तर के कर्मचारी-अधिकारी के तबादले का अधिकार अधिकारियों को, जिले के प्रभारी मंत्री को होंगे, इसका भी उल्लेख रहता है। तबादलों से प्रतिबंध हटते ही विभाग सीधे मुख्यमंत्री समन्वय को प्रस्ताव भेजकर आवश्यकता के अनुसार तबादले कर सकेंगे। इसके लिए सामान्य प्रशासन, लोक निर्माण समेत विभिन्न विभागों ने तैयारियां शुरू कर दी है। बताया जाता है कि नई तबादला नीति में गंभीर



बीमारी, प्रशासनिक, स्वेच्छा सहित अन्य आधार स्थानांतरण को प्राथमिकता मिलेगी।

### मानसून सत्र से पहले बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी

जानकारी के अनुसार, लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने और आचार संहिता हटने के बाद पिछले छह माह से लगा तबादलों पर लगा प्रतिबंध छह जून 2024 को हट जाएगा। इसके बाद विभाग प्रशासकीय आधार पर तबादले कर सकेंगे। वल्लभ भवन में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले की तैयारी शुरू हो गई हैं। हालांकि अभी तक मध्य प्रदेश शासन की स्थानांतरण नीति जारी नहीं हुई है, लेकिन मानसून सत्र के बाद जारी होने की संभावना है इससे साफ हो जाएगा कि किस आधार पर प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों-अधिकारियों के तबादले होंगे। फिलहाल मध्य प्रदेश में आधिकारिक तौर पर मुख्यमंत्री समन्वय से अनुमति के बाद ही किसी कर्मचारी का तबादला हो सकता है।

दरअसल, मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने के लिए कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही तबादलों पर प्रतिबंध लग गया था। इसके चलते राज्य सरकार चुनाव कार्य में संलग्न 65 हजार बूथ लेवल ऑफिसर, कलेक्टर, कमिश्नर, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक समेत कई संवर्गों के अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले चुनाव आयोग की अनुमति के बाद नहीं कर सकती थी, लेकिन इस अवधि में केवल उन्हीं अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले हुए जो प्रशासकीय दृष्टि से बहुत आवश्यक थे।

### पसंद के अधिकारियों के लिए जमावट शुरू

प्रदेश सरकार के कई मौजूदा मंत्री ऐसे हैं, जिनका अपने विभाग के प्रमुख सचिवों, सचिवों या अन्य अधिकारियों से पटरी नहीं बैठ पा रही है। कुछ अधिकारी ऐसे हैं, जिन्हें पसंद नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही जिलों में स्थानीय नेताओं से पटरी नहीं बैठा पाने वाले, शिकायतों या किसी अन्य कारणों से विवादों में आए अधिकारियों को भी बदले जाने की तैयारी है। इसी बीच विधायकगण भी अपने-अपने क्षेत्र के कार्यों को सहजता और प्राथमिकता से कराने के लिए पसंद के अधिकारियों की क्षेत्र में जमावट को लेकर तैयारी कर रहे हैं। वहीं कई मंत्रियों ने भी अपने विभाग में पसंद के अधिकारियों की पदस्थापना को लेकर भी इच्छा जाहिर कर चुके हैं।





## मंगल की कामना को लेकर मंगलनाथ पहुंचे उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, पत्नी के साथ चढ़ाया भात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। मंगल की कामना को लेकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला पत्नी सुनीता शुक्ला के साथ मंगलनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर के गर्भग्रह में भगवान श्री मंगलनाथ की हल्दी से होने वाली विशेष पूजा अर्चना की और भगवान का आशीर्वाद लिया।

मंगलनाथ मंदिर के प्रशासक केके पाठक ने बताया कि मध्यप्रदेश उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने प्रदेश में अच्छी वर्षा और समृद्धि के लिए मंगलनाथ मंदिर पर भात पूजन किया और हल्दी से होने वाली विशेष पूजा अर्चना भी की। इस दौरान उनके साथ पत्नी सुनीता शुक्ला भी मौजूद थी। मंदिर में पंडित अर्पित गुरु के द्वारा शुक्ला दंपति से मंगलनाथ जी का पूजन अर्चन करवाया गया। मंदिर प्रशासक केके पाठक के द्वारा इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ला का स्वागत सम्मान भी किया गया।

## आईटी पेशेवर ने नाइट्रोजन गैस का पाइप मुंह में लगाकर दी जान

### सुसाइड नोट में लिखा था खुदकुशी का तरीका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। राजधानी की मिसरोद पुलिस ने मंगलवार रात जाटखेड़ी स्थित निरूपम रॉयल इमारत के एक फ्लैट से युवक की दो-तीन दिन पुरानी लाश बरामद की है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि युवक ने आत्महत्या की है। आत्महत्या करने के लिए युवक ने जो तरीका निकाला था, वह बिलकुल नया है। उसने पॉलीथिन से अपने सिर और चेहरे को कवर किया और नाइट्रोजन गैस सिलेंडर का पाइप मुंह के भीतर डालकर उसे चालू कर दिया। दर्द रहित मौत के लिए उसने चार पन्नों में फॉर्मूला भी लिखा था। इन्हीं पन्नों में युवक ने जीवन से हताश और निराश होने जैसी बातों का उल्लेख भी किया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस के अनुसार सिद्धार्थ खुराना (31) मूलतः लखनऊ का रहने वाला था। फिलहाल वह जाटखेड़ी स्थित निरूपम रॉयल में एक फ्लैट में किराए से रहता था। सिद्धार्थ पहले एक आईटी कंपनी में काम करता था, लेकिन पिछले करीब छह महीने से वह घर पर ही रह रहा था। उसी फ्लैट के सामने रहने वाले कमरे में रहने वाला केदार कदम एक ट्रैवल्स एजेंसी में काम करता है। आमने-सामने रहने के कारण दोनों के बीच पहचान थी, लेकिन पिछले दो-तीन दिनों से उनकी मुलाकात नहीं हुई थी। मंगलवार रात करीब नौ बजे केदार अपने कमरे पर पहुंचा। पता चला कि घरेलू काम करने वाली बाई पिछले दो दिनों से नहीं आई है। बाई का पता लगाने के लिए केदार ने सिद्धार्थ को फोन लगाया तो उसका फोन स्विचऑफ मिला। उसके बाद उसने दरवाजा खटखटाया तो सिद्धार्थ ने दरवाजा भी नहीं खोला। काफी प्रयास करने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला को केदार ने इसकी सूचना मिसरोद पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे को जोर से धक्का दिया तो ऊपर वाली चिटकनी उखड़ गई और दरवाजा खुल गया। अंदर जाकर देखा तो सिद्धार्थ मृत हालत में पड़ा हुआ था। पुलिस के अनुसार आत्महत्या करने के लिए सिद्धार्थ ने अनोखा तरीका अपनाया था। उसने एक पॉलीथिन से अपने चेहरे और सिर को पूरी तरह से कवर किया और टेप चिपका लिया था। उसके बाद करीब ढाई फीट लंबे नाइट्रोजन सिलेंडर का पाइप अपने मुंह के भीतर दबाकर उसकी नॉब खोल दी थी। गैस शरीर के भीतर जाने पर उसकी मौत हो गई होगी। कमरे की तलाशी में पुलिस को चार पन्नों का एक सुसाइड नोट भी मिला।

**पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव का दावा**

# महागठबंधन की सरकार बनेगी, मप्र में जीतेंगे 10 से 12 सीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा**। मध्य प्रदेश कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव देर शाम खंडवा पहुंचे। इस दौरान वे पूर्व नेता प्रतिपक्ष अहमद पटेल के यहां आयोजित एक निजी कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने समर्थकों से मिलने के बाद उन्होंने मीडिया से भी चर्चा की, जिसमें वे आने वाले लोकसभा चुनाव के नतीजों में कांग्रेस की जीत को लेकर आश्वस्त दिखे। उन्होंने परिणामों को कांग्रेस और सहयोगी इंडि गठबंधन के फेवर में आने की बात कही। साथ ही इंडि गंठबंधन की सरकार बनाने का दावा भी किया। इस दौरान कांग्रेस नेता अरुण यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पर भी तीखा हमला किया। यादव ने कहा कि जब उनकी और उनकी पार्टी की स्थिति खराब होती है तो वे अनर्गल बयान देते हैं।

### प्रधानमंत्री करते हैं अनर्गल बयान बाजी

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष यादव ने कहा कि मैं समझता हूं कि 4 जून को जो नतीजे आएंगे वे पूर्ण रूप से इंडि गठबंधन के समर्थन में आएंगे। हम अच्छे बहुमत से देश में सरकार



बनाएंगे। मध्य प्रदेश में जहां तक हमारा आंकलन है, 10 से 12 सीट कांग्रेस के पक्ष में आएंगी। भाजपा के बनाए राम मंदिर के चुनावी मुद्दे के माहौल को लेकर उन्होंने कहा कि अब यह तो 4 तारीख को तय होगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि नतीजा महागठबंधन के पक्ष में आएगा। इंडिया गठबंधन के हर साल प्रधानमंत्री बदलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अब यह तो प्रधानमंत्री जी खुद कह रहे हैं। उनकी और उनकी पार्टी की स्थिति कैसी है वो खुद जान रहे हैं और जब उनकी स्थिति खराब होती हैं तो प्रधानमंत्री जी अनर्गल बयान बाजी करते हैं।

## संपादकीय

# संवेदना की जरूरत

यह देख कर अक्सर हैरानी होती है कि जिन समस्याओं को सामान्य नागरिकबोध से सुलझाया जा सकता है, उसके लिए भी अदालतों को फटकार लगानी पड़ती, सरकारों को कड़े दंड का प्रावधान करना पड़ता है। दिल्ली में पानी की समस्या से पार पाने के लिए दिल्ली सरकार ने बेवजह पानी बहाने वालों पर दो हजार रुपए का जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। इसके लिए जल बोर्ड को दो सौ टीमें बनाने को कहा गया है। प्रायः देखा जाता है कि लोग पाइप लगा कर गाड़ियों की धुलाई करते और देर तक पानी बहाते रहते हैं। इसी तरह टंकियों में पानी भरने के बाद बहता रहता है और लोग उसे रोकने का कोई उपाय नहीं करते। इस समय जब दिल्ली में बहुत सारे लोग पीने के पानी को तरस रहे हैं, कुछ लोग मनमानी पानी बहाते रहते हैं। ऐसे लोगों पर नकेल कसना जरूरी है। मगर जुर्माने के भय से कितने लोगों को अपनी नागरिक जिम्मेदारी का अहसास हो पाएगा, कहना मुश्किल है। दिल्ली सहित तमाम महानगरों में गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत हो जाती है। सभी को जरूरत भर का पानी उपलब्ध कराना कठिन हो जाता है। इसे लेकर सरकारें और सामाजिक संगठन, रिहाइशी कालोनियों के प्रबंधन लोगों से पानी का सोच-समझ कर इस्तेमाल करने की अपील करते रहते हैं। महानगरों में माना जाता है कि पढ़े-लिखे और जागरूक लोग रहते हैं, वे ऐसी समस्याओं का समाधान खुद निकालेंगे। मगर विडंबना है कि पढ़े-लिखे और जागरूक माने जाने वाले लोग ही गाड़ियों की धुलाई, बागों की सिंचाई और नहाने-धोने में सबसे अधिक पानी की बर्बादी करते हैं। दिल्ली जल बोर्ड के निगरानी दल ऐसे लोगों पर कितनी सख्ती कर पाएंगे, देखने की बात है। वे बाहर बहते पानी पर तो फिर भी नजर रख लेंगे, पर घर के भीतर जो लोग बेवजह पानी बहाते रहते हैं, उनका हाथ वे कैसे पकड़ पाएंगे। बर्तन और कपड़े धोने में जो मनमानी पानी बहाया जाता है, उस पर कैसे रोक लगेगी। दरअसल, इसके लिए लोगों में यह संवेदना पैदा करना जरूरी है कि पानी की एक-एक बूंद कुदरत को निचोड़ कर मिलती है।

**अर्ज किया है..!**

*बदन के शहर में आबाद*
*इक दरिंदा है*
*अगरचे देखने में कितना*
*खुश-लिबास भी है*

*- अख़्तर अमान*




## धर्म-कर्म

# कन्याकुमारी दर्शन के लिए जाएं तो ऐसे बनाएं यात्रा का प्लान, पुण्य के साथ पाएंगे आनंद

आप अगर विदेश में घूमने के सपने देखते हैं, तो आपको एक बार कन्याकुमारी जरूर जाना चाहिए। कन्याकुमारी में तीन सागरों का संगम होता है। कन्याकुमारी में आपको तीन समुद्रों-बंगाल की खाड़ी, अरब सागर और हिन्द महासागर का अद्भुत मिलन देखने को मिलेगा। इस स्थान को त्रिवेणी संगम भी कहा जाता है। कन्याकुमारी में और भी बहुत कुछ ऐसा है, जो आपको विदेशों में नहीं मिलेगा। यहां प्राचीन मंदिरों के अलावा भी ऐसे मनोरम दृश्य हैं, जहां दर्शन करके आपको पुण्य प्राप्ति तो होगी ही साथ ही आप आनंदित होकर भाव-विभोर भी हो उठेंगे। आइए, जानते हैं कन्याकुमारी की खास बातें और यात्रा की प्लानिंग।



### कन्याकुमारी क्यों है इतना खास

कन्याकुमारी का नाम जब भी लिया जाता है, तो ज्यादातर लोगों के मन में देवी के मंदिर की छवि उभरती है लेकिन कन्याकुमारी का महत्व इससे कहीं ज्यादा है। कन्याकुमारी शक्तिपीठ 51 शक्तिपीठों में से एक है। शिव पुराण के अनुसार जहां-जहां सती के अंग के टुकड़े गिरे थे, वहां इन शक्तिपीठों का निर्माण हुआ। देवी पुराण के अनुसार पूरे भारतीय उपमहाद्वीप पर फैले इन शक्तिपीठों की संख्या 51 है।

### भद्रकाली मंदिर कुमारी देवी की सखी हैं

यहां जहां तीनों सागर मिलते हैं, वहां संगम स्थल पर ही कन्याकुमारी के मंदिर में ही भद्रकाली मंदिर है। इन्हें देवी कुमारी की सखी माना जाता है। यह मंदिर भी शक्तिपीठ है, जहाँ माता सती के शरीर का एक अंग गिरा था। कन्याकुमारी प्राचीन देवी मंदिर के अलावा यहां दक्षिण में मातृतीर्थ, पितृतीर्थ, भीमतीर्थ भी है। पश्चिम में थोड़ी दूर पर ही स्थाणु तीर्थ है। यहां दर्शन करने के बाद आप कन्यकाश्रम मंदिर में जाना न भूलें, जो समुद्र तट पर स्थित है।

### कन्याकुमारी जाएं, तो इन स्थलों के भी करें दर्शन

कन्याकुमारी में स्नानघाट पर बना गणेश मंदिर बहुत विशेष है। वहाँ स्नान घाट है,जहाँ गणेश जी का मंदिर है। मान्यता है कि स्नान के बाद गणेश जी का दर्शन करके तब कन्याकुमारी की के भव्य दर्शन करके आपको अपने पापों से मुक्ति मिलती है। मंदिर में अनेक देव विग्रह हैं। मंदिर से थोड़ी दूर पर पुष्करणी है। आपको अगर समुद्र के पास मीठ जल का स्वाद लेना है, तो यहां मंदिर के पास मीठे पानी की बावड़ी बनी हुई है। इसे माण्डूक तीर्थ कहते हैं। मान्यता है कि इसमें स्नान करने के मात्र से ही लोग पापमुक्त हो जाते हैं। स्वामी विवेकानंद अगर आपके प्रेरणास्त्रोत है, तो आप समुद्र में थोड़ी दूर आगे विवेकानंद शिला है, जहां स्वामी विवेकानंद की मूर्ति भी है। यहां स्वामी जी ने बैठकर ध्यान लगाया था।

### देवी पार्वती को कन्या रूप में पूजा जाता है

समुद्र तट पर कुमारी देवी का मंदिर है, जहां पर देवी पार्वती को कन्या के रूप में पूजा जाता है। इस मंदिर से एक मान्यता भी जुड़ी हुई है, जिसके मुताबिक देवी का विवाह संपन्न न हो पाने के कारण बचे हुए चावल-दाल ककड़ बन गए थे। आपको जानकर हैरानी होगी कि कन्याकुमारी के समुद्र तट की रेत में दाल और चावल के आकार और रंग-रूप के ककड़ भी यहां देखे जा सकते हैं।

### कन्याकुमारी कैसे जाएं

कन्याकुमारी रेल तथा सड़क मार्ग से जुड़ा है। यह त्रिवेंद्रम से 80 किलोमीटर दूर है। यहां चेन्नई तथा त्रिवेंद्रम से रेल या बस से भी पहुंचा जा सकता है। आप अगर अपनी गाड़ी से जाना जाते हैं, तो चेन्नई पहुंचकर यहां ड्राइव करके पहुंच सकते हैं।

### कन्याकुमारी मंदिर में दर्शन करने की टाइमिंग क्या है

कन्याकुमारी मंदिर भक्तों के दर्शन करने के लिए सुबह 4:30 बजे खुल जाता है। वहीं, दोपहर 12:30 बजे मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। इसके बाद मंदिर को फिर से शाम 4 बजे से लेकर रात 8 बजे तक के लिए दर्शन के लिए खोल दिया जाता है।

New Delhi

# अब हेल्थ इंश्योरेंस में एक घंटे में देनी होगी कैशलैस इलाज की अनुमति, डिस्चार्ज के 3 घंटे के अंदर क्लेम सेटलमेंट जरूरी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने बुधवार को स्वास्थ्य बीमा पर एक मूल परिपत्र (Master Circular) जारी करते हुए साफ कर दिया है कि बीमा कंपनी को अनुरोध के एक घंटे के भीतर नकदी-रहित इलाज की अनुमति देने पर निर्णय लेना होगा. इरडा ने एक बयान में कहा कि स्वास्थ्य बीमा उत्पादों पर मास्टर परिपत्र ने पहले जारी किए गए 55 परिपत्रों को निरस्त कर दिया है और यह पॉलिसीधारकों के सशक्तीकरण और समावेशी स्वास्थ्य बीमा को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है.**



बीमा नियामक ने कहा, "परिपत्र में बीमाधारक/संभावितों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य बीमा नीति में पात्रताओं को उनके आसान संदर्भ के लिए एक स्थान पर लाया गया है और साथ ही स्वास्थ्य बीमा खरीदने वाले पॉलिसीधारक को निर्बाध, तेज दावा अनुभव प्रदान करने और स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में उन्नत सेवा मानकों को सुनिश्चित करने के उपायों पर जोर दिया गया है." इसमें कहा गया है कि कैशलेस प्राधिकरण अनुरोधों पर तुरंत और एक घंटे के भीतर निर्णय लेना और अस्पताल से अनुरोध के तीन घंटे के भीतर अस्पताल से छुट्टी मिलने पर अंतिम सैटलमेंट देना होगा. हेल्थ इंश्योरेंस में कैशलेस भुगतान के लिए पहले काफी मशक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब ये हास्पिटल से डिसचार्ज रिक्वेस्ट की रिसीप्ट मिलने के तीन घंटे के अंदर ही हो जायेगा.

Uttarpradesh

## पति को मारने को हैवान बनी पत्नी! नशीला पदार्थ खिलाया, फिर करंट लगाया

**मैनपुरी, (एजेंसी) अधिकतर आपने सुना व पढ़ा होगा की पति या ससुरालीजनों द्वारा पत्नी को प्रताड़ित किया जा रहा है। परंतु मैनपुरी में कुसमरा के ग्राम उजागरपुर में मामला जरा उल्टा है। यहां पति नहीं बल्कि पत्नी पर आरोप है कि वह अपने पति, पुत्र और सास को जान से मारने का प्रयास कर रही है। पति को पहले नशीला पदार्थ खिलाया, फिर करंट लगाया। इसके बाद भी जब मन नहीं भरा तो उस पर क्रिकेट बैट से ताबड़तोड़ हमला किया। पीड़ित पति ने मामले का मुकदमा दर्ज कराया है।**

ग्राम उजागरपुर निवासी प्रदीप यादव पुत्र रामपाल सिंह ने बुधवार को पुलिस से शिकायत की। बताया कि उसकी शादी वर्ष 2007 में बेबी यादव पुत्री दीवान सिंह निवासी शामपुर थाना विधूना जिला औरैया हाल निवासी भरथना रोड विधूना के साथ हुई थी। आरोप लगाया कि 18 मई की रात 9 बजे पत्नी बेबी यादव ने खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर दिया जिससे वह गहरी नींद में सो गया। बीती 19 मई की सुबह 3.30 बजे पत्नी ने उन्हें जान से मारने की नीयत से बिजली के तार से करंट लगाया। उनके पुत्र 14 वर्षीय अंश ने बिजली का प्लग हटाकर उन्हें बचाया। इस पर पत्नी ने उन पर घर में रखे क्रिकेट बैट से हमला शुरू कर दिया। ताबड़तोड़ प्रहार से वह लहुलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। जब पुत्र ने पुनः बचाने का प्रयास किया तो पत्नी ने उस पर भी जानलेवा हमला कर दिया। आरोप लगाया कि पत्नी बेबी यादव कई बार पुत्र अंश व उनकी मां सिया देवी को मारने की धमकी देती है। उन्होंने इसकी सूचना अपने ससुरालीजनों को भी दी इससे पत्नी और ज्यादा नाराज हो गई और मारने की धमकी दे रही है। किशनी थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि पति की तहरीर पर पत्नी के विरुद्ध जानलेवा हमला करने व मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

New Delhi

## दिल्ली एयरपोर्ट पर गोल्ड स्मलिंग में पकड़े गए शख्स ने खुद को बताया शशि थरूर का PA, कांग्रेस सांसद बोले- एक्शन हो

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने दो लोगों को गोल्ड स्मलिंग के मामले में पकड़ा है. इसमें से एक ने खुद को कांग्रेस सांसद शशि थरूर का निजी सहायक (PA) बताया है. दोनों शख्स के पास से कस्टम अधिकारियों ने करीब 500 ग्राम सोना बरामद किया है. हालांकि, इस मामले में शशि थरूर की सफाई भी आ गई है. उन्होंने बताया है कि स्मलिंग में पकड़ाने वाला शख्स फिलहाल उनके यहां काम नहीं करता है. न्यूज एजेंसी के मुताबिक दिल्ली कस्टम विभाग ने 29 मई को शक होने पर दो लोगों की दिल्ली एयरपोर्ट पर तलाशी ली. तलाशी के दौरान दोनों के पास से करीब 500 ग्राम सोना मिला. पकड़े गए शख्स में से एक की पहचान शिव कुमार के तौर पर हुई. शिव कुमार ने दावा किया है कि वह कांग्रेस नेता शशि थरूर का PA है. कस्टम अधिकारी आरोपी से आगे की पूछताछ कर रहे हैं. इस बीच कांग्रेस नेता शशि थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सफाई जारी की है. शशि थरूर ने कहा है कि वह चुनाव प्रचार के लिए धर्मशाला में हैं. इस दौरान उन्हें उनके स्टाफ के एक पूर्व सदस्य से जुड़ी घटना के बारे में सुनकर झटका लगा है.

Jharkhand

## सो रही लड़की को जबरन उठाने लगा बुजुर्ग, पांच औरतों ने मिलकर मार डाला

**अनगड़ा (रांची), (एजेंसी) झारखंड में पांच औरतों ने मिलकर एक 60 साल के बुजुर्ग को मार डाला। डायन-भूत और काला जादू के आरोप में पांच महिलाओं ने बुजुर्ग की पत्थर और लाठी से मारकर हत्या कर दी। वहीं परिजनों पर दबाव बनाकर शव नदी में फेंकवा दिया। वारदात अनगड़ा थाना क्षेत्र की पैका पंचायत के जरगा तेतरटोली में हुई। घटना मंगलवार की शाम लगभग छह बजे की है।**

पुलिस इस मामले में गांव की दशमी देवी, जुलियानी तिर्की, सोमारी देवी, दुलिया लकड़ा और अनिमा मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम 60 वर्षीय बालेश्वर उरांव उर्फ बाया उरांव शराब के नशे में धुत होकर पड़ोस के घर में सो रही एक युवती को पकड़कर जबरन उठा रहा था। बालेश्वर की हरकत से परेशान होकर युवती चिल्लाने लगी, उसकी आवाज सुनकर पड़ोस की महिलाएं एकत्रित होकर मौके पर पहुंची।

बात बढ़कर मारपीट तक पहुंच गई और महिलाओं ने लाठी और पत्थर से मारकर बाया उरांव की हत्या कर दी। वहीं बीच बचाव करने पहुंचीं बालेश्वर की पत्नी एतवारी देवी को भी महिलाओं ने पीटकर घायल कर दिया। हत्या के बाद महिलाओं ने मृतक के परिजनों को धमकाकर शव को जल्द ठिकाने लगाने का फरमान सुनाया, बुधवार तड़के मृतक के दोनों पुत्र सहित परिजनों ने शव को राढ़ू नदी में फेंक दिया।

खेल

# क्लासिकल चेस में भारत के प्रगनानंदा की कार्लसन पर पहली जीत, तीसरे राउंड के बाद शीर्ष पर पहुंचे

**नई दिल्ली। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंदा ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक मैग्नस कार्लसन पर अपनी पहली क्लासिकल गेम जीत दर्ज की। उन्होंने इस जीत के साथ नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में बढ़त भी हासिल कर ली है। 18 वर्षीय प्रगनानंदा ने कई बार रैपिड शतरंजा या फिर प्रदर्शनी मैचों में कार्लसन को हराया है, लेकिन क्लासिकल गेम में यह कार्लसन पर उनकी पहली जीत रही। उन्होंने तीन राउंड के बाद 5.5 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।**



### क्या होता है क्लासिकल चेस?

प्रगनानंदा सफेद मोहरों से खेल रहे थे और उनकी जीत ने कार्लसन को अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया। क्लासिकल चेस, जिसे धीमी शतरंज के रूप में भी जाना जाता है, खिलाड़ियों को अपनी चाल चलने के लिए काफी समय देता है, आमतौर पर खिलाड़ी इसमें कम से कम एक घंटे का समय भी ले सकता है। कार्लसन और प्रगनानंदा ने इस प्रारूप में अपने पिछले तीन मुकाबले ड्रॉ खेले थे।

### विश्व चैंपियन लिरेन को मिली शिकस्त

इसके अलावा विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अमेरिका के फैबियानो कारुआना ने मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हरा दिया। हार के बाद लिरेन छह-खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट में सबसे नीचे आ गए हैं। इस साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में लिरेन का सामना भारत के डी गुकेश से होना है। लिरेन के खिलाफ प्रगनानंदा ने इसी टूर्नामेंट में ड्रॉ खेला था।

### प्रगनानंदा की बहन वैशाली भी शीर्ष पर

वहीं, अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ अपना आर्मागेडन गेम जीतकर आधा अंक अर्जित किया और तालिका में तीसरे स्थान पर आ गए। चौथे दौर में नाकामुरा का मुकाबला प्रगनानंदा से होगा। प्रगनानंदा की बहन आर वैशाली भी नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में महिलाओं की क्लासिकल चेज प्रतियोगिता में 5.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। उन्होंने अन्ना मुज्यचुक के खिलाफ अपनी बाजी ड्रॉ कराई।

सिनेमा

## 'हमारे बारह' फिल्म पर विवाद, एक्टर्स को मिली जान से मारने की धमकी, अन्नू कपूर बोले- पहले देख तो लो



एक्टर अन्नू कपूर स्टारर फिल्म 'हमारे बारह' का टीजर कुछ दिन पहले ही रिलीज हुआ है. टीजर में महिलाओं को लेकर बात की गई है. फिल्म का एक किरदार औरतों की तुलना सलवार के नाड़े से करता नजर आ रहा है. वहीं वो कहता है कि औरतें मर्दों के लिए खेती समान हैं, जो जब चाहे खेती कर सकता है. टीजर में महिलाओं के दर्द को देखा गया था. वहीं किरदार की ऐसी बातों से दर्शक भड़क उठे. फिल्म के टीजर के रिलीज होने के बाद से मूवी का विरोध किया जा रहा है. इसपर अब एक्टर अन्नू कपूर ने अपना रिएक्शन दिया है. एक मीडिया एजेंसी से बात करते हुए अन्नू कपूर ने कहा, 'मुझे पता नहीं कि कितनी फिल्मों को कॉन्ट्रवर्सी ने घेरा है, क्योंकि आप जानते हैं न मैं फिल्म देखता हूं, न मैं टीवी देखता हूं. फिर भी ये फिल्म विवादों के घेरे में आ गई है. नाम की वजह से. लेकिन फिल्म किसी ने देखी नहीं है और हमारे कलाकारों को मौत की धमकियां मिल रही हैं, गालियां मिल रही हैं, निंदाएं मिल रही हैं. फिल्म देखी है नहीं जजमेंट दे रहे हैं.' एक्टर से पूछा गया कि क्या ये सच में कोई विवादित फिल्म है? इसे सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिला है? इसपर उन्होंने कहा, 'सेंसर बोर्ड से बिल्कुल फिल्म पास हुई है.

## Highlights

1. **Girl kills father, brother for opposing relationship in MP**
2. **Man with rare 'Bombay' blood group travels 400 km from Maha to MP to save woman's life**
3. **CM of Goa extends best wishes on Hindi Journalism Day**
4. **63-hr mega block to affect Mumbai local train services, 930 trains cancelled**
5. **IMD forecasts arrival of monsoon and rainfall in Kerala**
6. **Slip of tongue: Congress leader on Mani Shankar's China remark**

# Emami share price gains 18% to hit 52-week after Q4 results: Should you buy?



**NEW DEIHI, (Agency).** Emami share price: The share price of Emami jumped 18% today (May 30) to hit a 52-week high after the company reported its Q4 results. The shares rallied 18.66% to ₹619.00 apiece on the BSE as Emami posted a net profit of ₹146.75 crore for the fourth quarter of FY24- increase of 3.62% from ₹141.62 crore in the year-ago quarter. Emami's revenue from operations in Q4FY24 rose 6.6% to ₹891.24 crore from ₹835.95 crore YoY.

### What brokerages said on Emami share price

Antique Stock Broking upgraded Emami shares to 'Buy' from 'Hold'. The brokerage raised the target price to ₹616 per share from ₹527 earlier.

Emkay Global Financial Services maintained a 'Buy' rating on the stock and raised Emami share price target to ₹625 apiece.

### How have Emami shares performed so far

Emami share price gained over 23% in one month and more than 32% in the past three months. In the past one year, the shares have given over 50% returns.

# Ashish Kacholia stock Awfis Space lists at 13% premium over IPO price

**NEW DEIHI, (Agency).** Awfis Space listing: Shares of Awfis Space Solution Limited listed with strong gains today (May 30) at ₹435- a premium of 13.5 per cent over the issue price of ₹383. Investor Ashish Kacholia has a stake in the stock. The listing missed grey market estimates where shares were trading at a premium of 21 per cent. The ₹598.93-crore public offer was subscribed 108.17 times as non-institutional investors bought 129.28 times of the reserved portion, retail investors picked up 53.23 times, Qualified institutional buyers (QIBs) subscribed 116.95 times the reserved portion and the employee segment was oversubscribed 24.67 times. The IPO opened on May 22 and received ₹268.8 crore through the anchor book with investors such as Ashoka Whiteoak ICAV, HDFC Mutual Fund, ICICI Prudential Mutual Fund, Nippon Life India, Axis Mutual Fund, UTI Mutual Fund, Canara Robeco Mutual Fund, Quant Mutual Fund, Invesco India, Motilal Oswal MF, Edelweiss and Bandhan Mutual Fund.




The company- which was established in 2014- provides flexible workspace solutions across India. The IPO opened for subscription on May 22 and closed on May 27 through which the company offered shares in the price band of ₹364-383 per share with a lot size of 39 shares. The IPO comprised of fresh share sale of ₹128 crore and offer-for-sale (OFS) of up to 1,22,95,699 equity shares.

# 17 साल की किशोरी की संदिग्ध मौत

## दवाई लेकर सोई तो फिर उठी ही नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आजाद नगर में रहने वाली एक 17 साल की नाबालिक लडक़ी की मौत हो गई। बताया जाता है कि बुधवार सुबह उसकी तबीयत बिगड़ी थी। उसके परिजन डॉक्टर के पास लेकर चले गए। यहां से टेबलेट लेने के साथ उसे बोतल चढ़ी ओर वह सो गई। शाम को घर के लोगो ने उसे उठाया। लेकिन शरीर में हलचल नही होने पर अस्पताल लेकर पहुंचे।

आजाद नगर पुलिस के मुताबिक पायल पुत्री प्रहलाद को उसके मामा राहुल बुधवार शाम एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। यहां डॉक्टरो ने चेकअप के बाद पायल को मृत घोषित कर दिया। परिवार को पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह करीब 11 बजे उसका सर दर्द के साथ घबराहट हो रही थी। दोपहर में उसकी हालत में सुधार नही हुआ तो परिवार के लोग नजदीक के निजी अस्पताल ले गए। यहां पर डॉक्टर ने उसे टेबलेट दे दी ओर उसे एक बोतल चढ़ा दी।पायल को परिवार के लोग घर लेकर चले गए। शाम करीब 7 बजे परिवार के लोगो ने उसे उठाया तो उसने जबाव नही दिया। उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर आए। यहां मृत घोषित कर दिया। मां की हो चुकी है मौत पायल की मां की 2013 में ग्वालियर में मौत हो चुकी है। पति पत्नी के विवाद में उन्होंने सुसाइड कर लिया था। इसके बाद पायल ओर उसके एक भाई ओर बहन को नानी इंदौर लेकर आ गई थी। पायल ने कुछ साल पहले पढ़ाई छोड़ दी थी। वह अभी नौकरी कर रही थी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

# महिलाओं के साथ चोरी करने वाला पकड़ाया

**इंदौर।** भंवरकुआ पुलिस ने चोरी के मामले में दो महिला और साथियों को पकड़ा है। इस चोरी में पुलिस एक व्यापारी को भी लेकर आई है। इनसे लाखों रुपये का सोना बरामद किया गया है। अफसर इस मामले में जल्द खुलासा करेंगे। एरोड्रम पुलिस ने भी तीन माह पहले हुई चोरी के मामले में घर की नौकरानी और दो युवकों हिरासत में लिया है। पुलिस आज बुधवार को इस मामले में खुलासा करेगी।

# बस स्टाफ ने सवारी को पीटा, महिला घायल

## घटना का सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गंगवाल बस स्टैंड पर बुधवार रात एक ट्रेवल्स के बस स्टाफ ने सवारी की पिटाई कर दी। जिसमें एक महिला घायल हुई है। यहां सवारी ने श्रीनाथ ट्रेवल्स की बस के स्टाफ से देर से आने का कारण पूछा था। इसे लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इस दौरान बस स्टाफ ने सवारी के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने इस मामलें में केस दर्ज कर लिया है।

इस मामले में छत्रीपुरा पुलिस को शिकायतकर्ता विनोद निवासी ग्राम फरारा राजसमंद राजस्थान ने बताया कि वह किराना व्यापारी है। बुधवार रात 11 बजे श्रीनाथ ट्रेवल्स की बस से परिवार के साथ घर जा रहे थे। गंगवाल स्टैंड पर बस पहुंची तो यहां बस के स्टाफ राजेन्द्र पुत्र विजय सिंह राठौर निवासी धावड़ावाडा डूंगरपुर ने बस चलाने के बजाय वहीं बात करने लग गया। विनोद ने कहा कि बस क्यों लेट कर रहे हो। पहले ही देरी से आई है। इस पर राजेंद्र नाराज हो गया। उसने विनोद के टिकट फेंक दिए। अपशब्दों कहने लगा। इसके बाद राजेंद्र के दूसरे साथी आ गए। सभी ने पहले बस में मारपीट की। फिर नीचे उतारा और डंडे से पीटा। इस दौरान विनोद की पत्नी आरती बचाव करने पहुंची तो डंडे से उसके सिर में मार दिया। झगड़े की सूचना पर वहां मौजूद पुलिसकर्मी आए। परिवार के साथ थाने भेजा। बाद में बस मौके से निकल गई।

# सट्टा गिरोह के अड्डे पर दबिश

## 15 से ज्यादा को पकड़ा, मोबाइल, लेपटॉप, प्रिंटर जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पीथमपुर के सेक्टर एक थाना पुलिस ने एक बड़े ऑनलाइन सट्टे का भंडाफोड़ किया है। जिसमें 15 से ज्यादा सटोरियों को पकड़ा है। साथ ही सट्टे में काम आने वाले लैपटॉप, कंप्यूटर, प्रिंटर, 40 से ज्यादा मोबाइल और पर्चियां जब्त की है।

थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी ने बताया कि बुधवार शाम पुलिस की ओर से नूतन नगर स्थित एक मकान पर दबिश दी गई। दबिश के समय 15 से ज्यादा व्यक्ति अलग-अलग लेपटॉप और फोन के माध्यम से सट्टा उतार रहे थे। जिन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। वहीं मकान से लैपटॉप कंप्यूटर फोन और 17 हजार रुपए नगदी जब्त की गई। पकड़े गए सभी लोगों पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया जा रहा है।

वहीं इंदौर ग्रामीण डीआईजी की स्पेशल स्कॉर्ट ने किशनगंज और पीथमपुर के सेक्टर 1 की बॉर्डर पर बड़े लेवल पर नागपुर के मधुर सट्टे का संचालक कर रहे 20 सटोरियों को पकड़ा है। साथ ही बड़ी संख्या में लैपटॉप, प्रिंटर, मोबाइल, करोड़ों के हिसाब की डायरी और पर्चियों को भी जब्त किया है। मधुर सट्टा नागपुर के सट्टे की लाइन है, जिसका मुख्य से संचालन किशनगंज व स्केटर 1 की बॉर्डर पर संचालित हो रहा था। जानकारी के मुताबिक ग्रामीण डीआईजी निमिश अग्रवाल को सूचना मिली कि किशनगंज और सेक्टर 1 की बॉर्डर पर नागपुर का विख्यात सट्टा मधुर सट्टे का मुख्य रूप से संचालन हो रहा है। सूचना पर ग्रामीण डीआईजी निमिश अग्रवाल ने अपनी स्पेशल टीम को मौके पर भेजकर दबिश डलवाई। जैसे ही टीम ने दो थाना क्षेत्र की बॉर्डर पर संचालित हो रहे सट्टे के अड्डे पर दबिश मारी तो वहां हलचल मच गई। टीम ने मौके से 20 लोगो को पकड़ कर उनसे 43 मोबाइल, दो दर्जन करीब प्रिंटर, लैपटॉप, बड़ी संख्या में पेन, करोड़ों के हिसाब डायरी, पर्चियां और करीब 15 हजार नगद बरामद किए हैं। डीआईजी निमिश अग्रवाल के मुताबिक दो थाना क्षेत्र की बॉर्डर पर सट्टा सुनील जायसवाल और राजेश सिंगल संचालित करवा रहे थे। वहीं दो थाना क्षेत्र की बॉर्डर होने के कारण जांच की कई तो सट्टा सेक्टर वन में संचालित होना पाया गया। आगे की कार्रवाई के लिए पकड़ाए सटोरियों को सेक्टर 1 को दिया गया है।

# नशे पर वार- दो घंटे में 17 आरोपी किए गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ड्रग्स पैडलर्स पर बुधवार दोपहर पुलिस कहर बनकर टूट पड़ी। 25 पुलिसकर्मियों की स्पेशल टुकड़ी ने दो घंटे में 17 पैडलर्स को गिरफ्तार कर लिया। इस आपरेशन का नाम स्विफ्ट किल दिया गया था। गोपनीयता इतनी कि संदिग्ध पुलिसकर्मियों को भी भनक नहीं लगने दी। डीसीपी (जोन-2) अभिनय विश्वकर्मा के मुताबिक शुरुआत खजराना, तिलकनगर और कनाडिया थाना से की गई है।**

पुलिस ने गोपनीय ढंग से उन स्थानों को चिह्नित कर लिया था जहां नशाखोरी और खरीद-फरोख्त होती है। कई दिनों तक पैडलर्स का डेटा एकत्र किया और साइबर सेल की मदद से उनकी हरेक गतिविधियों पर नजर रखी गई। बुधवार को तीनों थानों के 25 पुलिसकर्मियों की टीम गठित कर एक साथ दबिश दी गई।

पुलिस ने दो घंटे के अंदर 17 पैडलर्स को पकड़ लिया। डीसीपी के मुताबिक इनमें कई आरोपित ऐसे भी हैं जो स्वयं नशा करते हैं। कई पैडलर्स ऐसे हैं जो मंदसौर, नीमच, रतलाम सहित अन्य शहरों के तस्करों के संपर्क में हैं। पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। काल डिटेल, बैंक स्टेटमेंट और खरीदारों का पूरा ब्योरा एकत्र किया जा रहा है।

**बैंक खाते फ्रीज होंगे, सप्लाई चेन तोड़ी जाएगी-** डीसीपी के मुताबिक कार्रवाई के बाद नशाखोरी और खरीद फरोख्त के अड्डे भी चिह्नित कर लिए गए हैं। पुलिस के पास काफी सूचनाएं आने लगी हैं। पैडलर्स से भी जानकारियां मिल रही हैं। अब सप्लाई चेन तोडऩे का प्रयास करेंगे। अन्य शहरों में भी कार्रवाई करेंगे। बड़े पैडलर्स और सप्लायर के बैंक खातों को फ्रीज किया जाएगा। फिलहाल आरोपितों से अलग अलग स्तर पर पूछताछ की जा रही है।

**नार्को हेल्प लाइन पर दें ड्रग्स की सूचना, डीसीपी सीधे करेंगे कार्रवाई-** ड्रग्स तस्करों का नेटवर्क तोडऩे के लिए जोन-1 में नार्को हेल्प लाइन की शुरुआत हुई है। यहां आने वाली सूचना और शिकायतों पर डीसीपी सीधे कार्रवाई करेंगे। पुलिसवालों की मिलीभगत पाई गई तो उन्हें भी सजा मिलेगी। सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान गुप्त रखी जाएगी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून) अमितसिंह ने बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम (रानी सराय) से इसकी शुरुआत की। सिंह के मुताबिक शहर में जगह-जगह ड्रग्स के अड्डे बन चुके हैं। कई बार लोग बताना तो चाहते हैं, लेकिन उचित माध्यम नहीं मिलने के कारण पुलिस से संपर्क नहीं हो पाता। हेल्प लाइन 7049108852 उन लोगों के लिए सहायक होगी। इसका उद्देश्य समाज को नशामुक्त करना है। इसका स्लोगन नया सवेरा-नई शुरुआत रखा गया है। सिंह के मुताबिक हेल्प लाइन नंबर 24 घंटे चालू रहेगा। काल कर नशा करने वाले व्यक्ति, स्थान, बेचने वाले तस्करों की जानकारी दे सकते हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक